जीवन बीमा : परिवार के साथ आपके निवेश की भी सुरक्षा

विशाखा आरएम, डायरेक्टर (सेल्स एंड मार्केटिंग), केनरा एचएसबीसी ओबीसी लाइफ

हम अक्सर यह बात भूल जाते हैं कि असामयिक घटना किसी के भी साथ हो सकती है जो परिवार को निराशा एवं वित्तीय संकट में डाल सकती है।

बड़ी विडंबना है कि हम बीमा तो कराते हैं, लेकिन जीवन बीमा को नजरअंदाज कर देते हैं, जो हमारे परिवार के लिए सबसे महत्वपूर्ण होता है। हर उस व्यक्ति के लिए बेहद जरूरी है, जो किसी दूसरे के जीवन को आर्थिक रूप से प्रभावित करते हैं।

व्यक्ति को इस तरह से योजना बनानी चाहिए कि किसी की अनुपस्थिति में परिवार को मौजूदा लाइफस्टाइल से समझौता न करना पड़े और परिवार के सदस्य अपनी सभी जरूरतों को भी पूरा कर सकें। जीवन बीमा कवर व्यक्ति की वार्षिक आय का सेवानिवृत्ति के वर्ष की संख्या के गुणक के बराबर होना चाहिए। बहरहाल, यह राशि सिर्फ शुरुआती बिंदु है। हमें अन्य दायित्वों, खर्चों, महंगाई पर भी अवश्य ध्यान देना चाहिए। साथ ही मौजूदा खर्चों के लिए भी अलग से धन संचित करना चाहिए। लाइफ इंश्योरेंस खरीदने के फैसले को टालना अथवा उसकी जरूरत से ज्यादा जांच की प्रवृत्ति मुख्य अर्जक की अनुपस्थिति में परिवार को वित्तीय लिहाज से अत्यधिक जोखिम में डाल सकती है। जीवन बीमा कराने से पहले खास गलतियों से बचना चाहिए।

सलाह

जो लोग अकेले हैं, वे जरुरत नहीं समझते हैं, यदि आप पर कोई भी वित्तीय जिम्मेदारी है अथवा कोई आप पर आश्रित है तो जीवन बीमा एक अनिवार्यता है। संभव है कि जीवन के किसी मोड़ पर आप पर कोई लोन है अथवा क्रेडिट कार्ड का बकाया भी है। ऐसे में, आपकी अनुपस्थिति में आपके परिवार को बैंक को बकाया का भुगतान करना पड़ेगा।

जब व्यक्ति युवा होता तो सोचता है मैं क्यों जीवन बीमा कराऊं। बीमा आपकी अनुपस्थिति में आपके परिवार को वित्तीय संकट से बचाने में मददगार होता है। दुर्घटना अथवा बीमारी से युवा एवं स्वस्थ व्यक्ति के साथ अनहोनी होने से परिवार के वित्तीय भविष्य पर प्रश्नचिह्न खड़ा हो जाता है। इसके विपरीत, यदि आप युवा हैं तो लाइफ इंश्योरेंस खरीदना वास्तव में वित्तीय जागरुकता का प्रतीक है।लोग सोचते हैं मेरे बच्चे हैं नहीं तो फिर क्यों लूं जीवन बीमा। मान लीजिए आपके अभी बच्चे नहीं है, लेकिन आप दोपहिया वाहन के बजाय कार चलाने के इच्छुक हैं, क्योंकि यह आपके और जीवनसाथी के लिए ज्यादा सुरक्षित है। यह आरामदायक है और यदि भविष्य में आपके परिवार में सदस्यों की संख्या बढ़ती है तब भी आपकी कार सभी के लिए उपयुक्त होगी। इसी तरह, आपको जीवन बीमा है।

मेरा नियोक्ता मुझे बीमा दे रहा है तो मुझे इसकी क्या जरूरत। बीमा होना और पर्याप्त बीमा होने में काफी अंतर है। बीमा की सही राशि आपकी अनुपस्थिति में सेवानिवृत्ति की आयु तक आपकी भविष्य की कमाई सामर्थ्य बराबर हो सकती है। अधिकांश कंपनियां ऐसा कवर उपलब्ध कराती हैं जो वार्षिक वेतन से दोगुना अधिक होता है। सिर्फ इतना ही लाभ परिवार के लिए पर्याप्त नहीं हो सकता।